सं.ई-11011/27/2021/हिन्दी(रा.भा.का.स.)/ 335

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

केन्द्रीय जल आयोग

901(द.), सेवा भवन
रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली - 66

दिनांक: 13 सितंबर, 2022

**विषय: अध्यक्ष, के.ज.आ. की अध्यक्षता में केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 02 सितंबर, 2022 को आयोजित 149वीं बैठक का कार्यवृत्त और इसमें लिए गए निर्णयों पर समयबद्ध अनुवर्ती कार्रवाई करने के संबंध में। (Minutes of the 149th Meeting of Official Language Implementation Committee of Central Water Commission (Headquarters) held on 02 September, 2022 and time-bound action on decisions taken therein-reg.)**

**महोदय/महोदया,**

अध्यक्ष, के.ज.आ. की अध्यक्षता में दिनांक 02 सितंबर, 2022 को अपराह्न 2.30 बजे आयोजित केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 149वीं बैठक का कार्यवृत्त आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है।

अनुरोध है कि उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) को अवगत करवाया जाए।

**संलग्नक** : यथोक्त

भवदीया,

कृते विनय कुमार मिश्र 13.09.2022

**(रजिन्दर पाल)**
उप निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष सं: 29583720

1. समिति के सभी सदस्य (सूची के अनुसार)।
2. सभी मुख्य अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय जल आयोग।
3. सभी समन्वय निदेशालय/अनुभाग अधिकारी, केन्द्रीय जल आयोग।
4. निदेशक, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली।

**केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 02.09.2022 को अपराह्न 2.30 बजे आयोजित 149वीं बैठक का कार्यवृत्त**

अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में, केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 149वीं बैठक दिनांक 02.09.2022 को अपराह्न 2.30 बजे आयोजित की गई।

अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की इस 149वीं बैठक में मार्च, 2022 और जून, 2022 के तिमाही आंकड़ों का तुलनात्मक विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें पूरी कोशिश करनी चाहिए कि राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग हेतु हम सभी अधिक से अधिक काम हिंदी में करें। उन्होंने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे हिंदी की प्रगति बढ़ाने हेतु अपना-अपना योगदान दें जिससे कि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। इसके बाद उन्होंने उप निदेशक (रा.भा.) को मदवार कार्रवाई शुरू करने का निदेश दिया। तत्पश्चात, समिति के अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपनिदेशक (रा.भा.) ने मदवार कार्रवाई शुरू की।

सदस्य सचिव ने समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि दिनांक 28.06.2022 को आयोजित की गई पिछली बैठक के कार्यवृत्त 19.07.2022 के पत्र द्वारा सभी सदस्यों और अनुभागों को परिचालित कर दिए गए थे। इस संबंध में इस पर कहीं से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। अत: कार्यवृत्त की पुष्टि की जा सकती है। समिति के सदस्यों की सहमति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

इसके बाद सदस्य सचिव ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई से सभी को अवगत करवाया और मदवार चर्चा शुरू की।

समिति के उपस्थित सदस्यों की सूची अनुबंध 'क' पर संलग्न है।

उक्त बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात लिए गए निर्णय निम्नानुसार हैः-

1. सदस्य सचिव ने बताया कि पिछली बैठक में केंद्रीय जल आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों में 10 कनिष्ठ हिंदी अनुवादकों के रिक्त पदों के रिवाइवल और सृजन के बारे में चर्चा के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया था कि अनुवादकों की भर्ती प्रकिया पूरी होने तक इन कार्यालयों में कंसल्टेंट की नियुक्ति की जा सकती है। निदेशक, स्थापना-7 ने बताया कि यह मामला अभी भी व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय में लंबित है तथा जल शक्ति मंत्रालय ने सूचित किया है कि इस संबंध में किसी प्रकार के निर्णय लिए जाने की सूचना तत्काल आयोग को दी जाएगी। इस संबंध में सदस्य, जल आयोजना एवं परियोजना ने कहा कि यह

मामला काफी लंबे समय से चल रहा है और अब उचित होगा कि संबंधित विभाग से संपर्क/बैठक कर इसका समाधान तुरंत निकाला जाए, जिसके लिए स्थापना-7 अनुभाग आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में हिंदी अनुवादकों के पदों के विरूद्ध एक वर्ष के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति हेतु स्थापना-7 अनुभाग तुरंत करें।

**(कार्रवाईः स्थापना-7 अनुभाग)**

2. उप सचिव एवं उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए वॉइस टूल का उपयोग करते हुए हिंदी में कार्य करने के संबंध में अध्यक्ष महोदय ने एसएमडी निदेशालय को निदेश दिया कि केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) कार्यालय में यह सुविधा पूरी तरह से उपयोग में लाई जा सके इसके लिए समुचित उपाय किए जाएं । यह सुविधा सहायक निदेशक/सहायक निदेशक-2 स्तर तक के अधिकारियों को उपलब्ध कराने हेतु समन्वय निदेशालय से सूची मांगी जाए, ताकि उन्हें भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और वे सभी अधिकारी आसानी से अपना सरकारी काम अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में कर सकें। साथ ही, हिंदी अनुभाग के सभी कंप्यूटरों में विंडो-10 अपलोड करने तथा कंप्यूटरों के रैम को 6 जीबी तक बढ़ाने के कार्य को भी निष्पादित किया जाए।

**(कार्रवाईः एसएमडी निदेशालय)**

3. केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में आंतरिक निरीक्षण के संबंध में सदस्य सचिव ने बताया कि इस तिमाही के दौरान 04 और अनुभागों का निरीक्षण किया गया है और इस प्रकार अब तक 24 निदेशालयों/अनुभागों एवं स्कंधों का राजभाषायी निरीक्षण किया गया है। अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि इस काम को जारी रखा जाए और जहां पर कमियां हैं उन अनुभागों/निदेशालयों को इसमें सुधार लाने हेतु सुझाव दिए जाएं।

**(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग)**

4. केंद्रीय जल आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु अध्यक्ष महोदय ने कहा कि उन कार्यालयों का प्राथमिकता के आधार पर राजभाषायी निरीक्षण किया जाए जहां राजभाषा नीति एवं नियमों का अनुपालन समुचित रूप से नहीं किया जा रहा है। सदस्य सचिव ने बताया कि इस तिमाही के दौरान कोलकाता एवं भुवनेश्वर स्थित कार्यालयों का राजभाषायी निरीक्षण किया गया है एवं उन्हें राजभाषा नीति एवं नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। अध्यक्ष महोदय ने इस कार्य को जारी रखने का निदेश दिया ताकि संसदीय समिति को दिए गए आश्वासन पूरे किए जा सकें।

**(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग)**

5. कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति को सुदृढ़ करने तथा कार्मिकों को हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग के निदेशानुसार हिंदी अनुभाग द्वारा दिनांक 21.07.2022 को केंद्रीय जल आयोग

(मुख्यालय) में हिंदी में तकनीकी आशु-भाषण प्रतियोगिता (Technical Extempore-Speech in Hindi) एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित किए जाने के संबंध में अध्यक्ष महोदय ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन से कार्यालय में राजभाषा हिंदी के लिए सकारात्मक वातावरण बनता है।

**(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग/पीसीपी निदेशालय)**

6. केंद्रीय जल आयोग द्वारा तकनीकी संगोष्ठी आयोजित किए जाने के संबंध में अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि पूर्व की भांति ही आयोग द्वारा वर्ष में कम से कम एक तकनीकी संगोष्ठी आयोजित किया जाना राजभाषा के समुचित क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित है। अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि अक्तूबर-नवंबर माह में एक तकनीकी संगोष्ठी के आयोजन संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

**(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग)**

8. अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग ने राजभाषा हिंदी में व्यापक प्रचार-प्रसार को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) कार्यालय में महान विद्वानों/जननायकों एवं प्रसिद्ध व्यक्तियों द्वारा हिंदी भाषा/राजभाषा हिंदी के संबंध में व्यक्त किए गए प्रमुख विचारों/उक्तियों सहित उनके भव्य तस्वीर लगाए जाने हेतु निदेश दिया।

**(कार्रवाईः हिंदी अनुभाग/पीसीपी निदेशालय)**

**अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ ही बैठक सम्पन्न हुई।**

अनुबंध - 'क'

**अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 02 सितम्बर, 2022 को अपराह्न 2.30 बजे आयोजित 149वीं बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची:-**

| क्र. सं. | नाम एवं पदनाम<br>सर्वश्री / श्रीमती / कुमारी | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग | अध्यक्ष |
| 2. | कुश्विंदर वोहरा, सदस्य, जल आयोजना एवं परियोजना स्कंध, के.ज.आ. | सदस्य |
| 3. | प्रवीण कुमार, सचिव, केंद्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 4. | शिशिर कुमार नंदा, निदेशक (स्थापना-1), केंद्रीय जल आयोग | सदस्य |
| 5. | शिव दत्त शर्मा, निदेशक, एसएमडी निदेशालय, के.ज.आ. | सदस्य |
| 6. | एस.के.राजन, निदेशक, तकनीकी समन्वय निदेशालय, के.ज.आ. | सदस्य |
| 7. | अनंत गुप्ता, निदेशक, पीसीपी/प्रशिक्षण निदेशालय, के.ज.आ. | सदस्य |
| 8. | निरंजन बर, निदेशक, अभिकल्प एवं अनुसंधान सम.निदेशालय, के.ज.आ. | सदस्य |
| 9. | आर.के.शर्मा, उपनिदेशक, अभिकल्प एवं अनुसंधान सम.निदे., के.ज.आ. | सदस्य |
| 10. | वि. कुमारी, उप निदेशक, नदी प्रबंध सम.निदेशालय, के.ज.आ. | सदस्य |
| 11. | धीरज सिंघल, उप निदेशक, जल संसाधन एवं परियोजना निदे., के.ज.आ. | सदस्य |
| 12. | नागेन्द्र कुमार सिंह, उप निदेशक, पीसीपी निदेशालय, के.ज.आ. | सदस्य |
| 13. | रजिन्दर पाल, उप निदेशक (रा.भा.), केंद्रीय जल आयोग | सदस्य सचिव |
| | **अन्य सदस्य** | |
| 1. | छन्नू राम, निजी सचिव, हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |
| 2. | विनय कुमार मिश्र, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग, के.ज.आ. | हिंदी अनुभाग |
| 3. | इंद्रा एस., वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग, के.ज.आ. | हिंदी अनुभाग |
| 4. | रोली श्रीवास्तव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी,हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिंदी अनुभाग |
| 5. | पुनीत पाण्डेय, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी,हिंदी अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग | हिन्दी अनुभाग |